हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 2 मई 2025


तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री


13 बच्चों ने रचाया गुडे-गुड़ियों का ब्याह

14 छत्तीसगढ़ में अक्ति की परंपरा हमारी समृद्ध ...





## खबर संक्षेप

### क्षेत्र में स्थापित संयंत्र स्वच्छता को दिखा रहा ठेंगा



**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** जिले में स्थापित सीमेंट संयंत्रों द्वारा आरक्षित वन खैरवारडीह के पास और उसके समीप मेन रोड में बलौदाबाजार से हथबंद सिमगा मार्ग पर खुलेआम कचरा, फ्लाइऐश एवं मिट्टी के ढ़ेर फेंककर स्वच्छता जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रम को ठेंगा दिखा रहे हैं और जनस्वास्थ्य के खतरे उत्पन्न कर कोरोना जैसे महामारी को हरिझंडी देकर आमंत्रित करते हुए प्रदेश और देश को चुनौती दे रहे हैं। गौरतलब है कि मंत्री का गृह ग्राम होने तथा 7 किलोमीटर पर जिला मुख्यालय होने का संयंत्रों को शासन एवं प्रशासनिक कार्रवाई का जरा भी भय नहीं है।

### गर्मी में पशुओं से भारवाहन एवं सवारी परिवहन 30 जून तक प्रतिबंधित

**बलौदाबाजार।** जिले में भीषण गर्मी एवं तेज धूप की स्थिति को देखते हुए पशुओं की सहायता से चलने वाली गाड़ियों पर वजन ढोने एवं सवारी ले जाने पर जिला प्रशासन द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है। पशु क्रूरता निवारण परिवहन तथा कृषि पशुओं पर क्रूरता निवारण नियम 1965 के 6 (3) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है, जिसमें कृषि पशुओं दोपहर 12 से 3 बजे के बीच तांगे, बैलगाड़ी, भैंसागाड़ी, ऊंटगाड़ी, खच्चर, टट्टू गाड़ी एवं गधे पर भारी वजन ढोने पर 30 जून तक प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही कृषक कार्य करने पूर्व एवं पश्चात पशुओं को पर्याप्त मात्रा में चारा पानी प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

### ड्रायविंग लायसेंस बनवाने शिविर 3 एवं 4 मई को

**बलौदाबाजार।** राज्य शासन के निर्देश पर जिले में सुशासन तिहार 2025 के तहत आम नागरिकों द्वारा ड्रायविंग लायसेंस से संबंधित मांग का त्वरित निराकरण हेतु परिवहन सुविधा केन्द्र में 3 एवं 4 मई को प्रातः 9 बजे से शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनपद कार्यालय बलौदाबाजार, भाटापारा, पलारी, कसडोल एवं सिमगा में परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से लर्निंग लायसेंस बनाने शिविर लगाया जायेगा।

### रिटायर्ड शिक्षक से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम बानीपाली निवासी रिटायर्ड शिक्षक के साथ मारपीट करने वाले दो लोगों के खिलाफ बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को रिटायर्ड शिक्षक भोगीलाल पटेल निवासी बानीपाली ने अपनी शिकायत में बताया कि 24 अप्रैल की सुबह करीबन 7.30 बजे वह अपने घर में था, तभी गांव के चंद्रशेखर नायक पिता राजकुमार नायक, राजकुमार नायक पिता सेतलाल नायक घर के अंदर आए और हमारे द्वारा बनाए जा रहे मकान में तहसील कार्यालय में जाकर स्टे लगवाए हो कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। प्रार्थी द्वारा स्टे नहीं लगाए जाने की बात कहने के बावजूद उन्होंने मारपीट की।

### आधी रात घर घुसकर महिला से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम चारभांठा में आधी रात घर घुसकर महिला से मारपीट करने वाले अज्ञात आरोपी के खिलाफ बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को खुशबाई धृतलहरे निवासी ग्राम चारभांठा ने बताया कि 24 अप्रैल की रात में लगभग 1:30 बजे कोई अज्ञात व्यक्ति उसके घर में घुस आया और उसके गले की माला में आलमारी की चाबी थी, उसे निकालने का प्रयास करने लगा, लेकिन वह जाग गई।


हिरमी-रावन


सुहेला

### मौसम : ग्रामीण अंचल में पेड़ और बिजली के खंभे गिरे, आवागमन रहा बाधित

# धूल भरी आंधी और मूसलधार बारिश से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त, बिजली आपूर्ति ठप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिले में गुरुवार शाम अचानक मौसम ने करवट ली और तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश हुई। कई इलाकों में आंधी के कारण पेड़ गिरने और बिजली की आपूर्ति बाधित होने की भी खबरें आई हैं। मौसम विभाग ने इसे पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण की वजह से उत्पन्न अस्थिर मौसम प्रणाली का असर बताया है।

### प्राकृतिक गतिविधियां और कारण

भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में उत्तर भारत के ऊपर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और मध्य भारत में बने चक्रवाती परिसंचरण के चलते राज्य में प्री–मानसून गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसके प्रभाव से बलौदाबाजार सहित रायपुर, बिलासपुर, बेमेतरा, महासमुंद और अन्य जिलों में तेज गरज–चमक, आंधी और बारिश की घटनाएं हो रही हैं।

### कई क्षेत्रों में नुकसान की आशंका

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, तेज आंधी के कारण कुछ स्थानों पर पेड़ गिर गए, जिससे सड़क यातायात में रुकावटें पैदा हुईं। वहीं कुछ ग्रामीण क्षेत्र में बिजली के खंभे गिरने से आपूर्ति ठप हो गई। पूरा क्षेत्र देर रात तक अंधेरे में डूबा रहा। हालांकि अब तक किसी ▸▸ शेष पेज 13 पर

### जिले में तेज आंधी और मूसलाधार बारिश, देर रात तक अंधेरे में डूबा रहा पूरा क्षेत्र


बलौदाबाजार

### तूफान और बारिश से धान फसल बर्बाद

हिरमी-रावन। गुरुवार शाम अचल में तूफानी तबाही तेज हवाओं और बारिश से धान की फसल बर्बाद, कई पेड़ गिरे, छप्पर उड़े गुरुवार शाम अंचल में अचानक आए तेज आंधी ने भारी तबाही मचायी। करीब 4.30 बजे के बाद मौसम ने अचानक करवट ली और तेज हवाओं के साथ मूसलधार बारिश शुरू हो गई। इस तूफान ने न केवल जनजीवन अस्त–व्यस्त किया, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भारी नुकसान भी पहुंचाया। तूफान की चपेट में आकर कई पेड़ धराशायी हो गए, जिनमें से कुछ बिजली के खंभों और मकानों पर गिर गए। इससे विद्युत आपूर्ति ठप हो गई और कई घरों में नुकसान हुआ। विशेष रूप से धान की फसल को भारी क्षति पहुंची है। तेज हवाओं ने फसल को जमीन पर गिरा दिया।

### सड़कों पर लगा जाम

**सुहेला।** गुरुवार की शाम मौसम ने अचानक करवट बदला और तेज धूल भरी तूफान के साथ मूसलधार बारिश ने ग्रामीण जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। तेज तूफान और झमाझम बारिश के चलते लगभग एक घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। कई स्थानों पर पेड़, पौधे और बिजली के खंभे गिरने से सड़कों पर जाम जैसी स्थिति बन गई और बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई।

तूफान की तीव्रता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि, गांव में कई घरों के छप्पर उड़ गए, पेड़ धराशायी हो गए और बिजली के तार टूटकर जमीन पर आ गिरे, जिससे पूरे इलाके में अंधेरा छा गया। बिजली गुल होने से ग्रामीणों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी और उमस से हालात और भी बदतर हो गए हैं। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को रातभर गर्मी और मच्छरों से परेशान होना पड़ा। बिजली की अनुपलब्धता के कारण पंखे, कूलर सहित अन्य आवश्यक उपकरण बंद पड़े हैं।

स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द बिजली बहाल की जाए और मच्छरों से बचाव के लिए गांव में फॉगिंग व साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था करवाई जाए।

## सट्टा खाइवाल गिरफ्तार पट्टी और 600 रुपए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

- 10 प्रतिशत कमिशन पर लिखी जाती थी सट्टा-पट्टी

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले असमाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा जैसे अंवैधानिक कार्यों में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में 29 अप्रैल को पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर ग्राम रवान में सट्टा–पट्टी लिखने वाले एक आरोपी सटोरिया हरिराम वर्मा को गिरफ्तार कर आरोपी से सट्टा–पट्टी एवं नगदी 600 जब्त किया गया था। आरोपी सटोरिया के विरूद्ध थाना सिटी ▸▸ शेष पेज 13 पर



## श्रमिक दिवस पर मनरेगा श्रमिकों ने जल संचयन और स्वच्छता की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर जिले के पंचायतों में मनरेगा श्रमिकों ने कार्यस्थल पर ही स्वच्छता व जल संचयन की शपथ ली। स्व-सहायता समूह एवं जल संचयन वाहिनी द्वारा तालाबों की सफाई के साथ जल संचयन व स्वच्छता की शपथ ली गई। विकासखंड भाटापारा के ग्राम पंचायत लेवई में स्वच्छता कार्यक्रम के तहत स्वच्छता के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए महिला समूह को पंचायत द्वारा सम्मानित किया गया।



इसके साथ ही गांव के तालाब में पचरी निर्माण में लगे श्रमिकों ने जल संचयन की शपथ ली। विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत भवानीपुर में अमृत सरोवर तालाब निर्माण कार्य स्थल पर मजदूर दिवस मनाया गया, साथ ही स्वच्छता एवं जल संचयन की शपथ दिलाई गई। विकासखंड सिमगा के ग्राम पंचायत जारौद में तालाब सफाई, जल संचयन शपथ और स्वच्छताग्रही दीदियों का ▸▸ शेष पेज 13 पर

## घायल की मदद कर रहे पुलिसकर्मी और ग्रामीणों को वाहन ने रौंदा, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

- घटना के बाद वाहन छोड़ भागा कार चालक

स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम कुसमी के पास मंगलवार रात घायल व्यक्तियों की मदद कर रहे पुलिसकर्मी और राहगीरों को एक तेज रफ्तार तूफान वाहन ने कुचल दिया। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक पुलिसकर्मी समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार रात लगभग 10 बजे दो युवक मोटरसाइकिल से गिरकर सड़क पर घायल अवस्था में पड़े थे। घटना की सूचना मिलते ही पलारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय राहगीरों की मदद से घायलों को सड़क से हटाने का प्रयास कर रही थी। तभी अचानक तेज गति से आ रही एक अनियंत्रित तूफान वाहन ने पुलिसकर्मियों और मदद कर रहे राहगीरों को रौंद दिया।



### 100 मीटर दूर खेत में फेकाया युवक

हादसा इतना भयावह था कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान सोनू चौहान 24 वर्ष दुर्ग निवासी के रूप में हुई है। वही दुसरा युवक राजेंद्र पांडे 24 वर्ष रायपुर निवासी ने हादसे के दूसरे दिन इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### वाहन की टक्कर से 100 मीटर दूर खेतों में जा गिरा युवक

वाहन की रफ्तार इतनी अधिक थी कि किसी को संभलने का भी अवसर नहीं मिला। टक्कर के बाद चालक वाहन को कुछ दूरी तक ले गया और फिर मौके से फरार हो गया। घायलों को बलौदा बाजार जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे में बाल–बाल बचे अन्य पुलिसकर्मी और राहगीर दहशत में हैं। पुलिस ने आरोपी के वाहन को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश जारी है। इस घटना की जांच पलारी थाना पुलिस कर रही है।

**आम खाने पेड़ पर चढ़ा, तार की करंट से मौत। महासमुंद।** बोरवेल के विद्युत तार की चपेट में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम पौंसरा निवासी संदीप साहू (19) पौंसरा -बरपेलाडीह मार्ग स्थित तालाबनुमा डबरा में नहाने गया था। तालाब किनारे पेड़ से आम तोड़कर खाने वह पेड़ पर चढ़ गया। इस दौरान वह बोरवेल के तार की करंट की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई।

### अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर श्रमिकों का किया गया सम्मान

# देश की प्रगति में श्रमिक निभा रहे अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में श्रमिकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने श्रम विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के तहत श्रमिकों को चेक वितरित किया। इसके साथ ही श्रम विभाग द्वारा जिले के 671 श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के तहत 1 करोड़ 35 लाख 88 हजार 974 रुपये का डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में अंतरित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने जल संचयन की शपथ भी दिलाई। कलेक्टर सोनी ने श्रमिक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि श्रम से ही देश –दुनिया में विकास आगे बढ़ रहा है। श्रमिक अपने श्रम से बड़े – बड़े निर्माण कार्य को अंजाम देकर देश की प्रगति में अहम भूमिका निभा रहे हैं। आज का दिन उनके श्रम का सम्मान करने का दिन है।

उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन योजनाओं से हर श्रमिक को पात्रता अनुसार लाभान्वित करने का प्रयास जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी श्रमिक अपनी पात्रता के अनुसार योजना का लाभ जरूर लें। उन्होंने श्रमिकों को संगठित और असंगठित क्षेत्र की जानकारी देते हुए बताया कि दोनों अलग–अलग क्षेत्र हैं। कार्य की प्रकृति और नियोजन अनुसार पंजीयन के पश्चात श्रम कार्ड बनता है। इसमें किसी प्रकार से भ्रमित न हो और श्रम कार्ड में अनावश्यक परिवर्तन न कराये।



### जिले के 671 श्रमिक विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित

उन्होंने श्रम विभग के अधिकारियों को योजनाओं की जानकारी के लिए जागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिये। बताया गया कि मिनीमाता महतारी जतन योजना 30 हितग्राही, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना 38 हितग्राही, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना 374 हितग्राही, मुख्यमंत्री श्रमिक सायकल सहायता योजना 186 हितग्राही, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना 36 हितग्राही, असंगठित कर्मकार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना 2 हितग्राही, असंगठित कर्मकार महतारी जतन योजना 5 हितग्राही लाभान्वित हुए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर, श्रम पदाधिकारी सूरज कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### कान्यकुब्ज सभा का शपथ ग्रहण कार्यक्रम, दिलाई शपथ

**रायपुर।** कान्यकुब्ज सभा-शिक्षा मंडल द्वारा आशीर्वाद भवन में मंगलवार को रायपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मंडल के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, सचिव राजकुमार दीक्षित और कार्यकारिणी सदस्यों को पदभार ग्रहण कराया। इसी दौरान आशीर्वाद स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर रविवि के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला, संजय मिश्र, महापौर मीनल चौबे आदि शामिल हुए।

### 'स्वरांजलि भजन संध्या' गायकों ने सुंदर भजन गाकर सभागार को बना दिया भक्तिमय



**रायपुर।** सीनियर सिटिजन्स वेलफेयर फोरम द्वारा गत दिनों स्वरांजलि भजन संध्या का कार्यक्रम एवं फोरम की विशेष साधारण का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध भजन गायक पद्मश्री मदन चौहान ने बहुत सुंदर कर्ण प्रिय तीन भजन प्रस्तुत कर फोरम के उपस्थित सदस्यों मंत्र मुग्ध होकर तालियां बजाकर भरपूर आनंद उठाया। साथ ही विशेष साधारण सभा में फोरम के लेखा जोखा, (2024-25) आगामी अनुमानित बजट (2025-26) को एचएन राणा कोषाध्यक्ष ने प्रस्तुत किया। फोरम अध्यक्ष प्रकाश सुरावधनीवार ने नियमावली संशोधन प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया, सुझाव, चर्चा के बाद सदस्यों ने पारित किया। भजन संध्या कार्यक्रम में भजन गायक डॉ. चितरंजन कर ने सुंदर कर्ण प्रिय भजन गाकर शुरूवात की। फोरम के भजन गायक सुभाष वर्मा, मनोहर सिंह ठाकुर, किरण पिल्ले, शीलू पटनायक, कविता ढगे, घनश्याम शर्मा, राजकुमार शुक्ला ने सुंदर भजन गाकर सभागार को भक्तिमय बना दिया।

### राजधानी में शुक्रवार को मनाया जाएगा सुधांशु महाराज का जन्मोत्सव

**रायपुर।** विश्व जागृति मिशन रायपुर मंडल के तत्वाधान में सुधांशु



महाराज का 70 वां जन्म महोत्सव 2 मई को मनाया जायेगा। मीडिया प्रभारी अश्विनी विग ने बताया कि इस अवसर सुबह प्रभात फेरी का आयोजन किया गया है जो साधक विजय सचदेव के निवास आनंदम वर्ल्ड सिटी, कचना रायपुर से 6:30 बज प्रारंभ होगी। प्रभात फेरी में सुधांशु महाराज के जनकल्याण की बातों का प्रचार करेंगे और साधकगण गुरु वंदना कर सदगुरू को पुष्प अर्पित करेंगे। इसी दिन शाम को 5 से 7 बजे ब्रम्हलोक आश्रम में उत्सव संध्या का आयोजन किया जाएगा। साथ ही साधकों द्वारा चरण पादुका पूजन, गुरु पूजन, गुरु वंदना और गुरु आरती की जायेगी ।

# भारतमाला प्रोजेक्ट पर बड़ा निर्णय, मुआवजा वितरण की सूची प्रकाशित होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण और मुआवजा वितरण में हुए घोटाले को लेकर संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने एक महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने कहा, परियोजना से जुड़े मुआवजा वितरण में आई अनियमितताओं की हर स्तर से जांच की जा रही है और जिन लोगों को उचित मुआवजा नहीं मिला है, उनकी शिकायतों को भी प्राथमिकता के आधार पर सुना जाएगा।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि भारतमाला परियोजना में अब तक जितने लोगों को मुआवजा मिला है, उसकी सूची वेबसाइट में अपडेट की जाएगी। यह सूची जिस गांव से संबंधित मामला है, वहां और कलेक्टर कार्यालय में चस्पा की जाएगी। आम नागरिक मुआवजा प्रकरणों के प्रकाशन के 15 दिन की समय सीमा में दावा-आपत्ति कर सकेंगे। हरिभूमि ने भारतमाला परियोजना में हुए गड़बड़ी को लगातार प्रमुखता से उठाया है। रायपुर संभाग के जिला कलेक्टरों की कांफ्रेंस में इस मामले में हुई गड़बड़ियों के बारे में चर्चा करने के बाद निर्णय लिया गया।

उन्होंने बताया कि 2019 से लेकर अब तक के सभी मुआवजा प्रकरणों का प्रकाशन किया जाएगा और आम नागरिक 15 दिनों की समय सीमा में दावा और आपत्ति दर्ज करा सकेंगे। यह कदम पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में उठाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि मुआवजा वितरण में किसी तरह की गड़बड़ी पाई जाती है या किसी व्यक्ति को कम मुआवजा दिया गया है, तो उसकी भी जांच की जाएगी। बैठक में अपर आयुक्त इफ्फत आरा, कलेक्टर धमतरी अबिनाश मिश्रा, महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## भारतमाला मुआवजा घोटाले को हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया

### आम जनता की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनें

संभागायुक्त ने कहा, कलेक्टर्स केन्द्र और राज्य शासन की योजनाओं के नोडल अधिकारी होते हैं, इन सभी योजनाओं का जनता को लाभ दें। आम जनता से हमेशा मिलें और उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनें और हरसंभव निराकरण करने का प्रयास करें। एसडीएम / तहसीलदार भी समय तय कर जनता से मिलना सुनिश्चित करें।

### दावा-आपत्ति के लिए 15 दिन



फाइल फोटो

### भू-अर्जन और शिकायतों की जानकारी ली

श्री कावरे ने 2019 से अब तक अवार्ड भू-अर्जन मामलों की जानकारी ली। उन्होंने संभाग में रायपुर एवं धमतरी जिले में चल रही भारतमाला परियोजना में शिकायतों की जांच की जानकारी ली। निर्धारित प्रपत्र में कल ही प्रकाशित करने निर्देशित किया गया, ताकि लोग 15 दिवस में दावा-आपत्ति कर सकें। संभागायुक्त ने राजस्व मामलों में मांग पत्रों के अनुपालन में देरी और लंबित रिकॉर्ड के कारणों की जानकारी मांगी।

## पेंशन के करीब 200 प्रकरण पर चर्चा, पात्र हितग्राहियों के प्रकरण मंजूर

# आरडी तिवारी स्कूल में विकास कार्य कराने एमआईसी की मंजूरी, मच्छर उन्मूलन पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक बुधवार को महात्मा गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में हुई। इसमें आमापारा के पंडित रामदयाल तिवारी स्कूल में विविध कार्य करवाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। इसी तरह फिल्टर प्लांट के जल संयंत्र के संचालन व संधारण कार्य 1 करोड़ 75 लाख रुपये निविदा दर पर मुहर लगायी गयी। बैठक शहर के 70 वार्डो से प्राप्त गरीबों के करीब 200 प्रकरणों पर चर्चा के बाद पात्र हितग्राहियों के प्रकरण को मंजूरी दी गई।

महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक रखी गयी। बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही से वार्डों में मच्छर उन्मूलन के लिए एंटी लार्वा और फागिंग अभियान के संबंध में जानकारी ली गयी। महापौर ने जन स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए गुणवत्ता युक्त एंटी लार्वा एवं फागिंग कराने निर्देश दिये। इसके साथ ही जल विभाग से प्राप्त प्रस्ताव में फिल्टर प्लांट के 80 एवं 150 एमएलडी संयंत्र के वार्षिक संचालन और संधारण के लिए निविदा दर 1 करोड़ 75 लाख 82 हजार की स्वीकृति दी गयी। साथ ही पंडित रामदयाल तिवारी उच्चतर माध्यमिक शाला में विविध विकास कार्य करवाने 1 करोड़ 53 लाख 92 हजार निविदा दर को मंजूरी मिली।

## फिल्टर प्लांट के जल संयंत्र वार्षिक संचालन संधारण के लिए 1 करोड़ 75 लाख की स्वीकृति



### 13 कर्मचारियों की चिकित्सा क्षतिपूर्ति राशि स्वीकृत

एमआईसी की बैठक में नगरनिगम के 13 कर्मचारियों को चिकित्सा क्षतिपूर्ति के लिए 6 लाख्या 19 हजार की स्वीकृति संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया। निराश्रित पेंशन के 198 और परिवार सहायता के 61 नए प्रकरण स्वीकृत किये गये। बैठक में नगर निगम के सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता विमल कुमार शर्मा एवं सेवानिवृत्त सहायक राजस्व निरीक्षक रोशन शर्मा को 1 वर्ष की संविदा नियुक्त देने की अनुशंसा करते हुए स्वीकृति के लिए नियम अनुसार प्रकरण नगरीय प्रशासन विकास को भेजा जाएगा। बैठक में निगम आयुक्त विश्वदीप, एमआईसी सदस्य गायत्री चंद्राकर, सुमन पांडे, संजना हियाल, डॉ. अनामिका सिंह, मनोज वर्मा, दीपक जायसवाल, अमर गिदवानी, भोलाराम साहू, संतोष साहू अवतार बागल, महेंद्र खोडियार, खेमकुमार सेन, नंद किशोर साहू , अपर आयुक्त राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, यूएस अग्रवाल, पंकज शर्मा, विनोद पांडे, कृष्णा खटिक, सचिव सूर्यकांत श्रीवास्तव सहित निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अशोका बिरयानी सेंटर से नाबालिग रेस्क्यू, संचालक के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- दोनों लड़कियों की उम्र 18 वर्ष से कम होना प्रतीत हुआ

राजधानी रायपुर के डीडी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अग्रोहा कालोनी स्थित अशोका बिरयानी में महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने पांच दिन पहले छापामार कार्रवाई की थी। इस दौरान बिरयानी सेंटर में कार्यरत दो लड़कियों को नाबालिग होने की आशंका पर रेस्क्यू किया था। जांच के दौरान इनमें से एक लड़की नाबालिग पाई गई, जिसके बाद इस मामले में अशोका बिरयानी के संचालक के विरुद्ध थाने में एफआईआर कराई गई है।

### सूचना पर मारा छापा

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर ने बताया कि 24 अप्रैल को सूचना मिली थी कि अग्रोहा कालोनी स्थित अशोका बिरयानी सेंटर में कुछ नाबालिग लड़के व लड़कियों से काम कराया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर उनके विभाग के अधिकारी के अलावा श्रम विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम को जांच करने के लिए अशोका बिरयानी सेंटर भेजा गया था। इस जांच के दौरान टीम को मौके पर दो लड़के एवं दो लड़कियां काम करते मिली। जांच के दौरान दोनों लड़के बालिग पाए गए, वहीं लड़कियों ने मौके पर अपनी आयु संबंधित कोई भी प्रमाण-पत्र नहीं दिखा पाई। दोनों लड़कियों की उम्र 18 वर्ष से कम होना प्रतीत हुआ। इसे देखकर दोनों लड़कियों को रेस्क्यू कर उन्हें बाल संरक्षण केंद्र में रखा गया। इस दौरान लड़कियों के परिजनों से संपर्क कर उनकी आयु संबंधित प्रमाण-पत्र मंगाए गए। इसमें एक लड़की की उम्र 17 वर्ष 2 माह है, वहीं दूसरी लड़की की उम्र 18 वर्ष पाई गई। जांच में यह भी पाया गया कि बिरयानी सेंटर के संचालक द्वारा नाबालिग से 12 घंटे से अधिक समय तक काम लेकर बदले उसे मेहनताना दिया जा रहा था। विभाग ने इस मामले संचालक के विरुद्ध बाल श्रमिक अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कराया है, वहीं नाबालिग लड़की को उसके परिजनों के सुपुर्द किया है।

# चोरों ने मचाया उत्पात, देख लिया तो ईंट से सिर फोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- लगातार एक सप्ताह से घर में कर रहे थे छोटी-मोटी चोरी

उरला थाना क्षेत्र के बिरगांव में एक चोर गिरोह एक मकान में लगातार एक सप्ताह तक छोटी-मोटी चोरी कर रहा था। मकान मालिक ने एक दिन चोरों को देख लिया, तो चोरों ने मकान मालिक के सिर पर ईंट से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ईंट के हमले से घायल कारोबारी के सिर में 12 टांके लगे हैं।

बिरगांव, जागृति नगर निवासी सजल गर्ग ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात चोर गिरोह उसके घर में लगातार छोटी मोटी चोरी कर रहा था, जिसकी उसने पेट्रोलिंग टीम के पास मौखिक शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत दर्ज कराने के बाद पेट्रोलिंग टीम पेट्रोलिंग करने पहुंची भी, लेकिन चोरों के बारे में जानकारी नहीं जुटा पाई। मंगलवार रात कारोबारी के घर की छत के रास्ते पुनः चोरी करने की नीयत से घुस गए। किसी दूसरे के घर में सो रहे सजन के पिता ने सजन को कॉल कर जानकारी दी कि घर की छत में एक लड़का तथा लड़की चढ़े हुए हैं।

घटना उरला थाना क्षेत्र के बिरगांव क्षेत्र की



### घर के बाहर निकलते ही ईंट से हमला

सजल ने पुलिस को बताया कि घर के ऊपर चोर होने की जानकारी मिलते ही उसने घर से बाहर निकलकर देखा तो छत पर चढ़े लड़के ने अपने साथ आई लड़की को भगा दिया। इसके बाद नीचे खड़े चोर तथा उसके तीन अन्य साथी उसके सिर पर ईंट से वार कर मौके से फरार हो गए।

### 'ईगल प्रोजेक्ट' पर गाइनी एंडोस्कोपी कार्यशाला



**रायपुर।** पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, रायपुर में फॉग्सी के "ईगल" प्रोजेक्ट के अंतर्गत दो दिवसीय गाइनी एंडोस्कोपी कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आयुष्मान एंडोस्कोपी ऑपरेशन थियेटर आंबेडकर अस्पताल में संपन्न हुआ। कार्यशाला के दौरान कुल 10 विविध और दुर्लभ मामलों का सफल ऑपरेशन किया गया, जिनमें टोटल लैप्रोस्कोपिक हिस्टेरेक्टॉमी, ऐशरमैन सिंड्रोम के लिए डायग्नोस्टिक एवं थैरेप्यूटिक हिस्टेरोस्कोपी, ओवीरा सिंड्रोम का एक अत्यंत दुर्लभ मामला, डिम्बग्रंथि मरोड़ और एक्टोपिक प्रेगनेंसी जैसी स्थितियाँ शामिल थीं। ऑपरेशन और शैक्षणिक व्याख्यान मुंबई से आमंत्रित दो प्रसिद्ध गेस्ट ऑपरेटिंग सर्जन डॉ. अनुराग भाटे और डॉ. एग्बर्ट सलदान्हा द्वारा पूरा किया गया। कार्यशाला प्रसूति एवं स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित की गई। इसका समन्वय डॉ. रुचि किशोर और डॉ. सुप्रिया गुप्ता द्वारा किया गया। साथ ही, डॉ. उमा मिश्रा और डॉ. ऋतु जैन ने "ईगल प्रोजेक्ट" की राज्य समन्वयक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कार्यशाला को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अंचला, डॉ. अर्पणा, डॉ. सुमा, डॉ. निशा, डॉ. नीलम, डॉ. शुभांगी, डॉ. शिवा और विभाग के स्नातकोत्तर छात्रों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

# राहुल गांधी के दबाव में मोदी सरकार जातिगत जनगणना कराने हुई बाध्य

- आरएसएस, भाजपाई जिसे देश को बांटने की साजिश बताते थे अब उसी हुए बाध्य- बैज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर





केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा जातिगत जनगणना के निर्णय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, हाल ही में कांग्रेस ने अपने राष्ट्रीय अधिवेशन में कांग्रेस नेता लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश में जातिगत जनगणना के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था, इसी के चलते मोदी सरकार बाध्य हुई है।

मोदी सरकार तो 2021 में होने वाली आम जनगणना को 4 साल से रोक रखा है, अंततः कांग्रेस के दबाव में जातिगत जनगणना को आगामी जनगणना में शामिल करवाने को बाध्य हुई है। पिछले तीन दशकों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अलावा अन्य पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के भी आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों को शिक्षा और सार्वजनिक क्षेत्र में रोज़गार में आरक्षण दिया जा चुका है। पर अभी भी हमें यह ठोस जानकारी उपलब्ध नहीं है कि वो कौन-कौन से समुदाय हैं जो आरक्षित वर्गों में आते हैं और उनकी जनसंख्या तथा असली हालात क्या हैं? सामाजिक न्याय को पूरी तरह से तभी स्थापित किया जा सकता है जब हमें इन समुदायों की जनसंख्या स्पष्ट रूप से पता हो। इसीलिए जाति की गिनती ज़रूरी है। जाति जनगणना का और एक फ़ायदा है कि यह आरक्षित समूहों के बीच आरक्षण के लाभों का समान वितरण करने में भी काम आयेगा। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष और हम सबके नेता राहुल गांधी ने देश में जातिगत जनगणना कराने की मांग को लेकर लगातार संघर्ष किया। मोदी, शाह सहित आरएसएस और भाजपा के तमाम नेता हमारे जिस मांग को देश को बांटने की साज़शि बता रहे थे, जिस विषय में विपक्ष का उपहास उड़ाते थे, अब उसी विषय पर मोदी सरकार घुटनों पर आ गई है। हमने पहले भी कहा कि ओबीसी इस देश का सबसे बड़ा वर्ग है, बहुत अधिक विभिन्नताएं हैं, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तौर पर विभिन्नताएं हैं।

### देश के लिए मील का पत्थर साबित होगा- भगवानू

क्षेत्रीय राजनीतिक दल जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, यह फैसला सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में देश के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पुरज़ोर तरीक़े से इस मुद्दे को उठाई थी और देश में जाति जनगणना की वकालत की थी। उन्होंने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे देश के वंचित तबकों के उत्थान का स्वर्णिम अवसर बताया। उन्होंने कहा इस जनगणना से प्राप्त आंकड़े सरकार को एससी, एसटी, ओबीसी और अन्य वर्गों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का सटीक विश्लेषण करने में मदद करेंगे। यह फैसला देश के बहुसंख्यक समाज, विशेषकर अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्गों के लिए न्याय का द्वार खोलेगा। यह निर्णय न केवल सामाजिक समानता को बढ़ावा देगा, बल्कि देश की राजनीतिक गतिशीलता को भी बदल देगा।

# टीबी उन्मूलन में उत्कृष्ट कार्य से राज्य का बढ़ा गौरव, सम्मानित हुए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी

- स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सजग है विष्णुदेव साय की सरकार- जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम
टीबी मुक्त भारत
टीबी हारेगा देश जीतेगा

- टीबी उन्मूलन में देश में पहला स्थान लाकर विभाग ने कार्यक्षमता को दिखाया

टीबी उन्मूलन अभियान में उत्कृष्ट कार्यों के जरिए राष्ट्रीय स्तर राज्य का गौरव बढ़ाने वाले स्वास्थ्य कर्मचारियों का बुधवार को सम्मान किया गया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए सजग है। टीबी उन्मूलन कार्यों में देश में पहला स्थान लाकर विभाग ने अपनी कार्यक्षमता को प्रदर्शित किया है।

मेडिकल कालेज ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि वर्ष 2025 में भारत से टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने छत्तीसगढ़ आगे बढ़ रहा है। छतीसगढ़ को पूरे देश में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत कार्य को सबसे उत्कृष्ट तरीके से क्रियान्वित करने के लिए सम्मानित किया गया है। राज्य की 4103 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने कहा कि राज्य में टीबी जैसी बीमारी के खिलाफ ये प्रगति आप जैसे जमीनी कार्यकर्ताओं के कारण ही संभव हो रही है। हमें टीबी के खिलाफ सिर्फ 100 दिनों के अभियान तक ही सीमित नहीं रहना है बल्कि साल 2025 तक इसे जड़ से खत्म करना है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की प्रबंध संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कहा कि हमने प्रदेश की जनता से 'टीबी मुक्त भारत' अभियान से जुड़ने के लिए 'नि-क्षय मित्र' बनने का आह्वान किया है।

राज्य स्तर पर दिए जा रहे सम्मान में 350 से कम पंचायत की श्रेणी में एमसीबी जिले को पहला, कोरिया को दूसरा और मोहला-मानपुर जिले को तीसरा पुरस्कार मिला। 350 से अधिक पंचायत की श्रेणी में जशपुर को पहला, सरगुजा को दूसरा और रायगढ़ को तीसरा पुरस्कार मिला।

### सौ दिन में खोजे 17 हजार टीबी मरीज

निक्षय निरामय अभियान के अंतर्गत 36 लाख से भी अधिक हाई रिस्क व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान लगभग 4.5 लाख लोगो की एक्सरे जांच और 1.5 लाख लोगों की टीबी की जांच उच्चतम तकनीक नाट मशीनों से की गई है। राज्य में 100 दिनों के भीतर 17 हजार टीबी के मरीज खोज कर उनका इलाज प्रारंभ किया गया। अभियान के दौरान कुल 3130 नए निक्षय मित्र पंजीकृत कर इनके सहयोग से 25 हजार से भी अधिक पोषण आहार टीबी मरीजों को प्रदान किया गया।

### एनक्यूएस में रायपुर प्रथम

रायपुर जिले को एनक्यूएस में प्रथम, टीबी मुक्त पंचायत के लिए द्वितीय, टीबी निक्षय मित्र में द्वितीय तथा नवीन पहल एमएमयू एक्स-रे में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी, क्षय रोग नियंत्रण के जिला नोडल डा. अविनाश चतुर्वेदी, सिविल सर्जन डा. एसके भंडारी सहित जिले की टीम ने यह सम्मान प्राप्त किया।

# सिंचाई विभाग ने 15 साल बाद जारी किया नवीन एसओआर

- मंत्री कश्यप ने किया विमोचन, कहा- निर्माण कार्यों में आएगी तेजी व पारदर्शिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने नवा रायपुर स्थित नया सर्किट हाउस में नवीन दर अनुसूची-2025 (एसओआर) का विमोचन किया। उन्होंने कहा, नवीन एसओआर से जल संसाधन विभाग की सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण में गति और पारदर्शिता आएगी और छत्तीसगढ़ राज्य जल प्रबंधन के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित करेगा। यह नवीन एसओआर 1 मई से प्रभावशील होगी। यहां यह उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में जल संसाधन विभाग द्वारा 15 वर्षों के पश्चात एसओआर को निर्माण लागत, श्रमिक मजदूरी, सामग्री एवं मशीनरी के बढ़े हुए दरों को ध्यान में रखते हुए अद्यतन किया गया है।

एसओआर में दरों का निर्धारण मानक डेटा इकाई विश्लेषण पद्धति के आधार पर किया गया है, जैसा कि अन्य राज्यों जैसे मध्यप्रदेश, कर्नाटक, ओडिशा में प्रचलन में है। दर विश्लेषण में सामग्री, श्रम, मशीनरी, उपकरणों की लागत, ठेकेदार लाभ और श्रम उपकर को शामिल किया गया है। सभी निर्माण सामग्री व कार्य भारतीय मानक और विभागीय निर्देशों के अनुरूप हैं। आधुनिक तकनीकों जैसे रियल टाइम डाटा सिस्टम लिडार सर्वे, जियो-टेक्निकल व जियो-फिजिकल सर्वे को समाहित किया गया है। यह 11 अध्यायों में तैयार किया गया है जो बांध निर्माण, नहर, पाइप नेटवर्क, टनल, टेस्टिंग और रखरखाव कार्यों को कवर करता है। पहले की जटिल टेंडर प्रक्रिया की तुलना में अब अधिकांश वस्तुएं सीधे बीओक्यू में शामिल की जा सकती हैं। राज्य के विभिन्न जल संसाधनों में स्वचालित रेनगेज, वॉटर लेवल रिकॉर्डर, गेट सेंसर की स्थापना भी दर अनुसूची में शामिल है। बदलाव से ठेकेदारों की वित्तीय जोखिम में कमी आएगी, साथ ही निर्माण गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

## खबर संक्षेप

### सोने का हार चोरी

**महासमुंद।** शादी कार्यक्रम में आई एक महिला का सोने का गुलबंद हार चोरी हो गया। मामले में खल्लारी थाने में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी प्रेमलाल साहू निवासी ग्राम मरारकसही बाहरा ने बताया कि 12 से 15 अप्रैल के बीच भतीजा पुष्पेंद्र कुमार साहू के विवाह कार्यक्रम था। इस दौरान उसकी भांजी होशिका साहू भी घर आई थी। 14 अप्रैल को उसे पता चला कि होशिका साहू जो अपने सोने का गुलबंद हार कीमत 64670 को मायन नाचा कार्यक्रम के पश्चात उक्त जेवर को निकालकर मेरे घर के आलमारी में अन्य महिलाओं के जेवरात वाले थैले में रखी थी। लेकिन, थैले को जब खोला गया तो उसमें अन्य जेवरात थे। किंतु, उसकी भांजी का सोने का गुलबंद हार नहीं था, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया।

### पीएम आवास, सर्वेक्षण की समय-सीमा 15 तक

महासमुंद। भारत सरकार ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत अतिरिक्त पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान हेतु चल रहे आवास प्लस 2024 सर्वेक्षण की समय-सीमा को बढ़ा दिया है। अब यह सर्वेक्षण 15 मई 2025 तक पूरा किया जा सकेगा। इससे पहले यह समय-सीमा 30 अप्रैल, 2025 निर्धारित की गई थी। इस विस्तार का उद्देश्य सर्वेक्षण प्रक्रिया को पूरी गंभीरता से संपन्न करने तथा प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार की पहचान सुनिश्चित करने का अवसर देना है। ग्रामीणों से आग्रह किया गया है कि वे इस विस्तारित समय-सीमा का पूरा लाभ उठाएं और आवास प्लस 2024 मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से सर्वेक्षण प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करें। प्राप्त सूचनाओं की सत्यता की पुष्टि भी सर्वेक्षणकर्ताओं के माध्यम से की जाए।

## पेज 11 के शेष

### धूल भरी आंधी...

प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं मिली है।

**मौसम विभाग का अलर्ट और सुझाव :** मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटों के लिए राज्य के कुछ हिस्सों में और तेज बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। नागरिकों को सलाह दी गई है कि आंधी और वज्रपात के दौरान खुले स्थानों से बचें। पक्के आश्रयों में रहें और मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग कम करें।

**पेड़ों के नीचे खड़े न हों:** बलौदाबाजार में बदले मौसम के इस अचानक एक बार फिर प्राकृतिक आपदाओं के प्रति सतर्कता की आवश्यकता को रेखांकित किया है। आने वाले दिनों में मौसम में और बदलाव की संभावना बनी हुई है। ऐसे में सतर्क रहना ही सबसे बेहतर उपाय है।

### सट्टा-पट्टी खाइवाल...

कोतवाली में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। आरोपी हरिराम से पूछताछ पर उसके द्वारा बताया गया कि, बलौदाबाजार के राज नारायण उर्फ राजू साहू से तीन–चार साल से उसकी जान पहचान है तथा मोबाइल एवं प्रत्यक्ष रूप से उससे बातचीत होते रहती है। आरोपी हरिराम द्वारा उसी के कहने पर सट्टा-पट्टी लिखने का काम करने, जिसके बदले में 10 प्रतिशत कमिशन के रूप में पैसा मिलना बताया गया। साथ ही प्रतिदिन दोपहर के समय राज नारायण साहू के पास जाकर सट्टा–पट्टी एवं उससे मिले पैसे को उसके पास जमा करना बताया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी राज नारायण साहू उर्फ राजू साहू को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

### श्रमिक दिवस पर ...

सम्मान किया गया। विकासखंड कसडोल के ग्राम गुडागढ़ में अमृत सरोवर तालाब निर्माण कार्य स्थल एवं ग्राम पंचायत भिंभौरी में श्रमिकों ने जल संचयन की शपथ ली। विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत हरदी में श्रमदान से तालाब सफाई कार्य, जल संरक्षण शपथ एवं समूह की महिलाओं का सम्मान किया गया।

## कन्या विवाह योजना : विधायक सहित जनप्रतिनिधि बने बाराती और भेंट किया उपहार

# गनियारी में 16 जोड़ों का सामूहिक विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा





ग्राम गनियारी में श्रीमद् भागवत सभा स्थल पर मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह का भव्य आयोजन किया गया। मां शीतला मंदिर के समीप चल रही श्रीमद् भागवत के कथा स्थल पर भगवान परशुराम जयंती के (अक्ति तिहार) पर मुख्यमंत्री सामूहिक निर्धन कन्या विवाह के अन्तर्गत 16 जोड़ों का कन्या विवाह योजना अंतर्गत व्यास गद्दी से पं. वैदिक मंत्रेच्चारण के साथ जीवन के परिजनों के उपस्थिति में विवाह संपन्न कराया है। निर्धन कन्या विवाह का आयोजन ग्राम पंचायत के समस्त पदाधिकारियों, ग्राम सभा के समस्त सदस्यों श्रीराममानस मंडली के समस्त सरायों, माँगनबाड़ी के समस्त कार्यकर्ता मितानिनों, ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों को ग्राम के युवा वर्ग के सहयोग से बाजे–गाजे के साथ दूल्हा राजाओं का ग्राम भ्रमण निकाल करते हुए बारात निकाली गई। नवदम्पत्ति को आर्शीवाद देने के लिए अनुज शर्मा विधायक धरसीवा, नवीन अग्रवाल अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर, टिकेश्वर मनहरे अध्यक्ष जनपद पंचायत तिल्दा, भाई शिशवशंकर जनपद सदस्य, अनिल सोनी पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत खरोरा, विनोद देवांगन पूर्व सरपंच ग्राम–पंचायत केशला उपस्थित रहे। इस भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने में सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र निर्मलकर, सरपंच, उपसरपंच, श्रीराम मानस मंडली के ओंकार साहू, गिरधारी लाल यादव, खुबीराम वर्मा ग्राम सभा के अध्यक्ष हिमांशु वर्मा, नंद मिस्त्री, आनंद वर्मा, खेलावन वर्मा दिलीप शर्मा, भागीरथी वर्मा, ग्राम के युवा वर्ग साथ ही मितानिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन सुरेश कुमार साहू ने किया। द्य साथ ही भगवताचार्य आशीष तिवारी का विशेष योगदान रहा। ग्राम पंचायत समस्त पंचगण एवं समस्त के ग्रामवारी का सहयोग सराहनीय रहा।

## डेढ़ लाख की हाथ भट्ठी शराब व 3 लाख रुपए का लाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



आबकारी वृत्त सरायपाली, बसना और पिथौरा, सांकरा की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आमादरहा नाले के पास जंगल में हाथ भट्ठी शराब निर्माण अड्डे पर छापा मारकर 650 बल्क लीटर महुआ शराब (कीमत 1.30 लाख रुपए), 6 क्विंटल लाहन (कीमत 3 लाख रुपए) जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया वहीं एक फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को मुखबिर की सूचना पर आमादरहा नाले के समीप हाथ भट्ठी महुआ शराब भट्ठी पर उक्त तीनों वृत्तों की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई की। टीम को दूर से आता देखकर शराब निर्माण में लगा एक व्यक्ति भाग निकला वहीं टीम ने मौके से श्याम लाल खुंटे को गिरफ्तार किया। पूछताछ में फरार हुए व्यक्ति का नाम अर्जुन जोल्हे बताया। संयुक्त टीम ने शराब, लाहन आदि जब्त कर छग आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) (क) (च), 34 (2) 59 (क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। कार्रवाई में उप निरीक्षक दरसराम सोनी, हृदयराम तिरपुड़े, मिर्जा जफर बेग आदि शामिल रहे।

### 27 लीटर देशी शराब जब्त

इसी तरह संयुक्त टीम ने गोकुल चौहान को 27 लीटर देशी शराब के साथ पकड़ा । दोपहिया वाहन सीजी 06-जीएस-3678 तथा 12 हजार रुपए कीमत की देशी मदिरा जब्त कर धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई। उपरोक्त टीम के अलावा इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक राज किशोर पांडे भी शामिल रहे।

## नपा अध्यक्ष ने शुरू किया जनसंपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



नगर पालिका क्षेत्र के रविदास वार्ड एवं महासती वार्ड अंतर्गत सावरा पारा में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने क्षेत्रीय जनसंपर्क अभियान के तहत नागरिकों से भेंट की। इस दौरान स्थानीय निवासियों ने सड़क, पानी, बिजली, बच्चों की शिक्षा, राशन वितरण एवं साफ–सफाई से जुड़ी विभिन्न समस्याएं रखीं, जिन्हें ध्यानपूर्वक सुना गया। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने सभी नागरिकों को आश्वस्त किया कि उनकी हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर के प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की जिम्मेदारी है और कोई भी व्यक्ति इन आवश्यकताओं से वंचित नहीं रहेगा। नगर के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के सहयोग से ठोस योजना पर काम किया जा रहा है। इस अवसर पर पार्षद नंदू वैष्णव, संतीश साहू, मनीष पंजवानी, आशीष टोडर, रामजी सौरा, माखन महिलांगे, रोशन बंजारे और जैसन सिंह कौशल उपस्थित रहे। स्थानीय नागरिकों ने भी नगर पालिका अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया और सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। नगर पालिका अध्यक्ष ने अपील की कि नागरिक किसी भी समस्या को छुपाएँ नहीं, उसे निसंकोच नगर पालिका तक पहुंचाएं ताकि उसका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

# बच्चों ने रचाया गुडे-गुड़ियों का ब्याह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



■ बच्चों ने उत्साह के साथ गुडे–गुडियों की रचाई शादी

अक्षय तृतीया पर ग्राम पंचायत नहरडीह में बच्चों ने एक दिन पहले ही गुड्डा गुड़िया की शादी की तैयारियां की थी। घरों में बच्चों की टोली ने बड़ों के साथ मिलकर मंडल सजाया। गली मोहल्लों में बच्चों ने मंडप सजाकर विधि–विधान के साथ गुड्डे–गुड़ियों की शादी रचाई। नगाड़े के साथ साउंड बॉक्स में फिल्मी गीत पर झूमते नन्हें–मुन्हें बाराती और घराती ने मिलकर अक्ती पर गुड्डे गुडियों का ब्याह रचाया। मौके पर घर–घर बच्चों ने विवाह की रस्मों को पूरा किया। शिव पार्वती, रानी की राजा, राम सीता, राधा कृष्णा के नाम से कार्ड छपवा कर निमंत्रण दिया था। गुडिया की शादी में बच्चों ने चूलमाटी में लेकर हल्दी चढ़ाना एक दूसरे के ऊपर चढ़ाया एक आम शादी की तरह ही सभी रस्म पूरी की गई। बच्चों का पक्ष गुड्डे और दूसरा पक्ष गुड़िया के साथ रहा। मंडप तक बारात पहुंची और विवाह की रस्म पूरी की गई बच्चों की प्रोतसहित करने के लिए परिवारजन व मोहल्ले वासी भी पहुंचे और गुड्डे–गुड़िया को पीले चावल का तिलक लगाते हुए, टिकावन भेंट किया। फिर मंडप में बच्चों का उत्साहवर्धन करने मोहल्ले वासी ने टिकावन के रूप में पैसे दिया।

अंचल के गांवों में अक्षय तृतीया पर गुड्डा गुड़िया का ब्याह रचाने की परंपरा की धूम देखी गई। शादी के बाद घरातियों ने गुड़ियां की विदाई की रस्म पूरी की। शाम को दर्शकों को कहीं लड्डू बांटे तो कड़ी खीर पूरी वितरित की गई। इस दौरान तान्या, ख़ुशी, वेदांत, उर्वशी, रोशिनी व मोहल्लेवासियों का सहयोग रहा।

## पीएम श्री विद्यालय में 5वी-8वीं के परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यू.ज ▶▶| खरोरा



बीडी सेजेस में प्राचार्या रजनी मिंज एवं व्याख्याता पी. देवांगन ने 5वीं ओर 8वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया। 5वीं में 95.91 प्रतिशत एवं 8वीं में 83.3 प्रतिशत छात्र छात्राएं सफल रहे। 5वीं में प्रथम होशिल चौहान 91.5 प्रतिशत, द्वितीय लतिका वर्मा 91 और तीसरे स्थान पवनी देवांगन एवं वैष्णवी देवांगन 90.5 पर रहे। 8वीं में दीक्षा साहू 92.6 , निशिता देवांगन 91.6, अंशिका वर्मा 90.33 ने पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या श्रीमति मिंज ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी एवं कमजोर छात्रें को निराश होने के बजाय सही प्लानिंग के साथ तैयारी की सलाह दी। परिणाम घोषणा में बच्चे पालकों के साथ उपस्थित थे। घोषणा समारोह में व्याख्याता पी देवांगन, व्याख्याता शाहिना परवीन, संकुल समनवयक देवेंद्र ठाकुर, मिडिल एवं प्राइमरी से सना करीम, योगिता देवांगन, आंचल कसर, शेष शर्मा, जैस्मी जोस, कृतिका वर्मा, आकाश परिहार , प्रीति मिश्रा, पावित्रि, अजय कुर्रे, लुकेश्वर ने छात्रों को बधाई दी।

### ओडिशा निर्मित महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस ने खेमड़ा सिमगांव धान मंडी तालाब के पास एक व्यक्ति के कब्जे स ओडिशा निर्मित महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने सूचना मिलने पर आरोपी श्याम यादव पिता भुनेश्वर यादव (38 साल) वार्ड नं 11 डबरापारा बागबाहरा के कब्जे से 30 नग हिरण छाप ओडिशा राज्य निर्मित देशी महुआ शराब कीमत 1500 रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### बारिश...



**महासमुंद।** बीते तीन दिनों से जिले में मौसम का मिजाज बदला है। गुरुवार की शाम भी आंधी तूफान के साथ बारिश हुई।

## राज्य स्तरीय दिव्य प्रेरणा स्पर्धा में धनेश्वरी और रामकुमार प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा



■ दोनों छात्रों को 11 हजार रुपए प्रदान कर सम्मानित किया

राज्य स्तरीय दिव्य प्रेरणा प्रकाश ज्ञान प्रतियोगिता में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोहरौद की छात्रा धनेश्वरी पटेल, रामकुमार पटेल कक्षा ग्यारहवीं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर दिव्य प्रेरणा संस्थान द्वारा कुमारी धनेश्वरी पटेल को प्रथम पुरस्कार 11 हजार नगद देकर स म्मा नि त किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य हेम कुमार निराला ने छात्रों के उ ज्ज व ल भविष्य की कामना की तथा कक्षा 12वीं के समस्त शिक्षण शुल्क व पुस्तकें प्रदान करने की घोषणा की। बालिका की इस उपलब्धि से प्रभावित होकर संस्था के सहायक ग्रेड 2 लेखूराम ठाकुर द्वारा दो सेट यूनिफॉर्म प्रदान करने की घोषणा की गई। उक्त अवसर पर शाला प्रबंधन व विकास समिति के अध्यक्ष गंगा प्रसाद पटेल व सदस्यगण दुकालू राम ध्रुव, सरपंच पन्ना राम रजक, मनोज मारकंडेय, गजानन साहू, चिंताराम साहू, पंचराम फेकर, जीतू पटेल, गोविंद यादव, भरत पटेल व शिक्षकगण संतोष कुमार रात्रे, तोमर सिंह डांडे, शिवदयाल मरकाम, चौतुराम बारवे, देवराम वर्मा, योगेश कुमार साहू, विशाल किस्पोट्टा, जितेंद्र पैकरा, घनेश्वरी साहू, मंजू लता निराला, रामलाल यादव एवं महेंद्र गेंडरे उपस्थित रहे। सभी सम्मानीय द्वारा अनेक उपहार देकर उज्वल भविष्य की कामना की।

## स्वास्थ्य लिपिक कर्मचारी संघ ने बैठक में लिए कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां



स्वास्थ्य लिपिक वर्गीय कर्मचारी कल्याण संघ की संभागीय बैठक बीते दिनों हुई, जहां पूरे संभाग के लिपिक शामिल हुए।

बैठक स्वास्थ्य लिपिक वर्गीय कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष साधु राम नेताम के नेतृत्व में की गई, जिसमें 1989 भर्ती नियम में सुधार कर नये भर्ती नियम बनाने एवं पदों में भिन्नता का समायोजन कर पदोन्नति पदों पर लाभ, पदों की विसंगतियां दूर करने, संचालनालय कार्यालय की तरह प्रमुख लिपिक को विलोपित कर सहायक अधीक्षक एवं अधीक्षक का पद सृजन करने के संबंध में चर्चा की गई, जहां मुख्य रूप से प्रान्तीय सचिव हीरालाल नेताम, सह सचिव राकेश पाण्डेय, प्रान्तीय कोषाध्यक्ष रेश्मा एक्का, सम्भागीय अध्यक्ष संजय शर्मा, शशांक वर्मा, पुरुषोत्तम साहू, जीपीएम जीएस पनरिया, बजरंग यादव, प्रताप पटेल, बजंरग नायक, दीपक प्रजापति जिला, सारंगढ़–बिलाईगढ़ गौरव गुप्ता, कोमल मसीह, सुरेश देवांगन, योगेश थवाईत, फ्रांसिस वाडरू सहित संभाग के सभी लिपिक साथियों की उपस्थिति में संघ को विस्तार कर पदो की विसंगतियों को चिन्हित कर मांगों को पूरा करने निर्णय लिया गया।

## नगर पंचायत में श्रमिक दिवस पर मजदूरों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



1 मई अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर नगर पंचायत पलारी में स्वच्छता दीदी, सफाई कर्मचारी, गार्डन कर्मचारी, वाहन चालक, पंप चालक, लाइनमैन सहित नगर पंचायत के कर्मचारियों का नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू हितेंद्र ठाकुर सहित पार्षदों,पत्रकारों ने श्रीफल गमछा भेंट कर सम्मान किया। उक्त अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा श्रमिकों के बिना राष्ट्र का विकास संभव नहीं है। श्रमिकों का सम्मान हमे हर रोज करना चाहिए। श्रमिकों की मेहनत से ही देश की आर्थिक स्थिरता बनी रहती है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा कि नगर के विकास में मजदूरों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, मजदूर दिवस भारत और पूरी दुनिया में श्रमिकों के अधिकारों का प्रतीक दिन है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने कहा कि मजदूर दिवस श्रमिकों और मेहनतकशों को समर्पित है, जिनके कठिन परिश्रम और समर्पण से समाज और अर्थव्यवस्था की नींव मजबूत होती है। उक्त अवसर पर सभापति लेखु वर्मा, कुमार धीवर, प्रतिभा धीरहे, पार्षद नारायण धीवर, पार्षद प्रतिनिधि पुनीत निषाद, घनश्याम धीरहे सहित नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### पूर्व मंत्री सिंह के निधन पर कांग्रेस की श्रद्धांजलि

**रायपुर।** सक्ति रियासत के राजा एवं अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि ईश्वर उन्हें अपने चरणों में स्थान दे तथा इस दुख की घड़ी में परिवारजनों को सहनशक्ति एवं पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करे।

### रीना को खाद्य, यशवंत बने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

**रायपुर।** राज्य शासन ने चार आईएएस अधिकारियों का तबादले आदेश जारी किया है। सामान्य प्रशासन द्वारा जारी आदेश में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ को सचिव खाद्य के पद पर पदस्थ किया गया है। उनके स्थान पर यशवंत कुमार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ बनाया गया है। कंगाले के पदभार ग्रहण करने पर एसीएस ऋचा शर्मा खाद्य विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगी। वहीं अन्बलगन पी. सचिव खाद्य के प्रभार से मुक्त होंगे। एस प्रकाश सचिव परिवहन को वर्तमान प्रभार के अलावा सचिव संसदीय कार्य विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। श्याम लाल धावड़े को संचालक ग्रामोद्योग, एमडी छग हथकरघा विकास एवं विपणन संघ मर्यादित, एमडी खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, एमडी ब्रेवरेज कार्पोरेशन, एमडी छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### अवैध घुसपैठियों की जांच को लेकर शिवसेना ने दिया ज्ञापन

रायपुर। पिछले दिनों हुई घटना को लेकर पूरे देश में आक्रोश है जिसे देखते हुए यहां अवैध रूप से बसे घुसपैठियों की पहचान को लेकर शिवसेना मिडिया प्रभारी मोहम्मद आकिब के नेतृत्व में जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि यहां पर भी अवैध घुसपैठिये जो बिरगांव, उरला तथा चौरसिया कालोनी, मोती नगर, बीएसपी कालोनी है जहां कई संवेदनशील एरिया है जिसकी जांच कर वापस भेजने की मांग की गई। इसमें मुख्य रूप से शिवसेना के कृष्णा यादव, राधा रमन, संतान रात्रे, विक्की निर्मलकर, अशोक, भावेश आदि उपस्थित थे।

### दो ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

रायपुर। जिला पंचायत रायपुर के सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने दो ग्राम पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया है। इनमें एक जनपद पंचायत अभनपुर के ग्राम तर्री और दूसरा ठेलकाबांधा ग्राम पंचायत सचिव है। दोनों सचिवों के खिलाफ लगातार शिकायत मिल रही थी कि वे कार्यालय की बैठक में निरंतर अनुपस्थित रहते हैं तथा उच्च कार्यालय के आदेशों का पालन नहीं कर अवहेलना करते हैं। साथ ही सुशासन तिहार कार्यों में भी रुचि नहीं ले रहे हैं। इन सभी शिकायतों के आधार पर जिला पंचायत सीईओ ने दोनों ग्राम पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया है। जनपद पंचायत अभनपुर में सुशासन तिहार में ग्राम तर्री और ग्राम ठेलकाबांधा के ग्राम वासियों ने अपने-अपने ग्राम पंचायत सचिव के खिलाफ शिकायत की थी। जिला पंचायत सीईओ ने इन शिकायतों की जांच कराई, जिसमें सभी शिकायतें सही पाई गई। इसके बाद सीईओ ने कार्रवाई करते हुए तर्री ग्राम पंचायत सचिव अखिल कुमार साहू एवं ठेलकाबांधा ग्राम पंचायत सचिव रामसुंदर यादव को कार्यालय बैठक में निरंतर अनुपस्थित रहने, कार्य में रुचि नहीं लेने, उच्च कार्यालय के आदेशों की अवहेलना करने तथा शासन के महत्वपूर्ण कार्यक्रम सुशासन तिहार के कार्यों में रुचि नहीं लेने पर निलंबित किया है।

### आम आदमी पार्टी की हुई बैठक

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के महासचिव जसबीर सिंह के महासमुंद आगमन पर सर्किट हाउस लभरा में बैठक हुई। इस दौरान संगठन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। ब्लॉक स्तरीय, पंचायत स्तरीय, तहसील विधानसभा स्तरीय आम आदमी पार्टी का सब संगठन नए तरीके से विस्तार किया जाएगा और आने वाले समय में किसी प्रकार का चुनाव हो, किसी मुद्दे पर सरकार को घेरना हो तो बड़ा संगठन जो है कार्य करेगा।

# एफएलएम में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शिक्षक सम्मानित

## संकुल स्तरीय सम्मान समारोह 2024-25 का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा

जब से संकुल केन्द्र घिवरा अस्तित्व में आया है तक से नवाचार के लिए प्रतिबद्ध रहा है। सत्र 2024–25 के प्रारम्भ में एफ एल एनअर्थात बच्चों में कक्षानुरूप बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान की समझ बन सके इसके लिए और सत्र 2026–27 तक सभी अध्ययनरत बच्चों में एफएलएम के लक्ष्य प्राप्ति को ध्यान में रखते हुए संकुल केंद्र घिवरा में हम होंगे कामयाब सभी 7 प्राथमिक शालाओं में चलाया गया। इसी तारतम्य में सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। संकुल केंद्र घिवरा के संकुल समन्वयक कैलाश बघेल द्वारा संकुल केंद्र घिवरा के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं से अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन




### शॉल श्रीफल प्रदान कर किया सम्मानित

हम होंगे कामयाब कार्यक्रम के प्रारम्भ में ही निर्धारित किया गया गया था कि जिस शिक्षक या शिक्षिका के द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जायेगा, उन्हें संकुल केंद्र घिवरा के तरफ से बेस्ट एफ एल एन टीचर ऑफ द ईयर 2024–25 से सम्मानित किया जायेगा। शासकीय प्राथमिक शाला खपरीडीह के शिक्षक लक्ष्मीनारायण पटेल को बेस्ट एफ एल एन टीचर ऑफ द ईयर 2024–25 से अवार्ड, शॉल श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया साथ ही सभी 7 प्राथमिक शालाओं, 3 पूर्व माध्यमिक शालाओं और हाई स्कूल घिवरा को बहुत ही बेहतरीन ढंग से पूरे सत्र भर एफ एल एन, सभी कार्यों और गतिविधियों को संचालित करने के लिए अतिथियों के शुभ हाथों से विद्यालय परिवारों को स्मृति चिन्ह और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

ऐसे ही निरंतर सकारात्मक सोच को परिलक्षित करते हुए श्रेष्ठता की ओर गतिमान रहने अपील की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंचायत घिवरा सरपंच प्रेमन रात्रे, अध्यक्षता संकुल प्रभारी प्राचार्य दीपक गुप्ता, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानपाठक रतन लाल वर्मा, उपसरपंच घिवरा ममता रात्रे के शुभ आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। सभी उपस्थित अतिथियों को शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान कार्यक्रम में सभी सम्माननीय अतिथियों सहित संकुल केंद्र घिवरा के विद्यालयों में पदस्थ समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस सम्मान कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को उनके उत्कृष्टता के लिए बधाई दी।

## घिरघोल के ठाकुर देव चौक में अक्ति विवाह की पहली रस्म चुलमाटी से शुरू हुई

# छत्तीसगढ़ में अक्ति की परंपरा हमारी समृद्ध विरासत का है प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी

ग्राम पंचायत घिरघोल के ठाकुर देव चौक में बालिकाओं द्वारा अक्ति विवाह की पहली रस्म चुलमाटी से शुरू हुई। बच्चे मोहल्लेवासियों के साथ तालाब किनारे मिट्टी लेने पहुंचे। वहां ढोल–बाजे की धुन पर नृत्य करते नजर आए। परंपरा के अनुसार अक्षय तृतीया के दिन 30 अप्रैल को बारात निकली।

इसमें दूल्हे राजा के रूप भूतभावन भगवान शंकर व दुल्हन के रूप में जगत जननी माता सती की सुंदर छत्तीसगढ़ी परम्परा अनुसार विवाह सम्पन्न हुआ।

यह त्योहार छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का



प्रतीक है। इसमें बच्चे पूरी विधि–विधान के साथ गुड्डा–गुड़िया के रूप में महादेव व महादेवी सती का विवाह करते हैं। यह परंपरा पीढ़ी–दर–पीढ़ी आगे बढ़ रही है।

उसी परंपरा को निर्वहन करते विधिवत विवाह का निमंत्रण पत्र चूलमाटी मातृकापूजन ,बारात स्वागत फेरो की रस्म, व दुलहन बिदाई के साथ यह कार्यक्रम का समापन हुआ ।

उक्त सफल पारंपरिक सांस्कृतिक को जीवंत रखने वाली समस्त बालिका समिति सोनिया, तारिणी, मीना, राधिका, मनीषा, चांदनी, अंजू, नीमा, ममता, नंदनी, झरना, सीमा, पूजा सहित ठाकुर देव चौक पंचायत परिवार व समस्त ग्रामवासी शामिल हुए।

### पुतरा-पुतरी विवाह पर बच्चों निकाली बारात

**अमेरा।** बिना पंचांग देखे जिस मुहूर्त में सभी तरह के संस्कार संपन्न किए जा सकते हैं, उसे अक्षय



तृतीया कहा जाता है। इस महामुहूर्त को छत्तीसगढ़ में अक्ती के रूप में जाना जाता है। वही बलौदा बाजार जिले के ग्राम अमेरा में अक्षय तृतीया के दिन मिट्टी के पुतरा–पुतरी (पुतला–पुतली) का विवाह बच्चों के द्वारा बड़ी ही धूम धाम से किया गया। अमेरा के नहर पारा निवासी दक्ष, काव्या, विभव, सौम्या काव्यांश, श्रुति, मोक्ष, हेमाक्छी यादव ने अपने घरों में छोटे–छोटे बच्चों के साथ मिलकर पुतरा पुतरी की शादी कराई, जिसमें बारात ले जाने से लेकर पांव पूजन, टिकावन के साथ विदाई भी कराई गई। इस अनोखे शादी में परिवार समेत बड़े बुजुर्गो शामिल हुए थे। नाश्ता में छत्तीसगढी व्यंजन बाटे गए।बारात स्वागत के बाद बारातियों और मेहमानों को छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध व्यंजन आइसा,गुल गुला भजिया, थेथरी,कुर्मी,और सलोनी के साथ केला अंगूर,आम परोसा गया।

### अक्ति उत्सव पर बच्चों ने किया गुड़िया-गुड्डों का विवाह

**बलौदाबाजार।** 30 अप्रैल को ग्राम पंचायत खैरी (आर) में अक्षय तृतीया (अक्ति) पर्व पर एक अनोखा उत्सव मनाया गया।



स्थानीय बच्चों ने मिट्टी से बने गुड़िया–गुड्डों का प्रतीकात्मक विवाह रचाकर इस परंपरा को जीवंत किया। आयोजन में सविता, पिंकी, पुष्पलता, शीतल, नेहा, प्रियंका, मीनाक्षी, ख्याति और आराध्या ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर ग्राम के उपसरपंच तरुण वर्मा, पंच अंजोरी ध्रुव और वरिष्ठ ग्रामीण संतोष नेताम भी मौजूद थे। सजाए गए बांस के ढांचों, रंगोली और पारंपरिक उपहारों से सुसज्जित इस समारोह में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाता है।

# छात्रों ने मनाई अहिल्या बाई होल्कर की जयंती




हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा

स्व. रामप्रसाद देवांगन, शासकीय महाविद्यालय में लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के त्रिशताब्दी जन्मोत्सव पर शासन के निर्देशानुसार कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. शंपा चौबे, मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ. टीएल वर्मा , सेवानिवृत प्राध्यापक एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संचालक, चंद्रशेखर मंडावी, तहसीलदार खरोरा और वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी के वर्मा के हाथों दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। उक्त अवसर पर छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने लोकमाता अहिल्या बाई की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए जीवन में आत्मसात करने प्रेरित किया। मुख्य अतिथि ने सभा को संबोधित करते हुए पुण्य श्लोका लोकमाता अहिल्या देवी के जीवन वृत्तांत का विस्तार से वर्णन किया। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में कहा कि पूज्य अहिल्या देवी एक कुशल, योग्य, न्यायप्रिय, दूरदर्शी, धर्म–परायण शासक थीं। जिन्होंने समाज एवं महिलाओं के सर्वांगीण विकास और सांस्कृतिक उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। छात्र–छात्राओं द्वारा अहिल्याबाई की जीवन पर रंगोली, पोस्टर आदि का प्रदर्शन किया गया। उक्त अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# जल संचयन की ली शपथ




**अर्जुनी।** ग्राम पंचायत अर्जुनी के नया तालाब में राष्ट्रीय जल मिशन के तहत न्यायाधीश अमिता जायसवाल द्वारा एक मई श्रमिक दिवस पर पंचायत प्रतिनिधियों को जल संचयन के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर में न्यायाधीश अमिता जायसवाल सरपंच कविता ध्रुव, उपसरपंच विष्णु साहू, राजेश साहू, विनोद सोनी, प्रेमचंद वर्मा, सुखराम ध्रुव, भगेला ध्रुव, विजय वर्मा, सचिन सोनी, चित्रलेखा यदु, मालती साहू, पार्वती ध्रुव संगीता ध्रुव श्यामबाई रजक प्रमिला वर्मा भुवनेश्वरी नायक राजेश्वरी ध्रुव आदि उपस्थित थे।

# सोलेशियम योजना में हितग्राहियों के लिए 22 लाख से अधिक सहायता राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

सोलेशियम योजना (हिट एंड रन) अंतर्गत आर्थिक सहायता राशि मृतक के निकट एवं पीड़ितों को मुआवजा राशि प्रदान की गई। योजना के तहत 1 जनवरी से 1 मई तक 12 लोगों को 22 लाख 25 हजार मुआवजा राशि प्रदान की गई।

प्राप्त जानकारी अनुसार चंद्रकांत साहू पिता दयालु साहू निवासी रिसदा तहसील बलौदाबाजार 2 लाख, योगेश्वरी पति दिलहरण साहू निवासी अमेरा तहसील पलारी 2 लाख, पुनूराम साहू पिता रामजी साहू निवासी ग्राम लवनबंद तहसील लवन 2 लाख, ममता गेंडरे पति देवादास गेंडरे निवासी डोकला 25 हजार, टालेश्वरी पति स्व. नीलकंठ ध्रुव निवासी ग्राम सेमराडीह तहसील बलौदाबाजार 2 लाख, राही बाई पति गुहाराम निवासी वार्ड 5 शंकर नगर सिमगा 2 लाख, पुषन बाई पति मोहन निषाद निवासी ग्राम नवागांव तहसील सिमगा 2 लाख, सुनीता पति राजेन्द्र निवासी सीलदाग तहसील छतरपुर जिला पलामू झारखण्ड 2 लाख, रजवंतीन पति संतोष साहू निवासी ग्राम कामता तहसील सिमगा 2 लाख, रानी कटारे पति रमेश कटारे निवासी केके वार्ड भाटापारा 2 लाख, सरिता वर्मा पति राजेन्द्र वर्मा निवासी अमलीडीह तहसील भाटापारा 2 लाख, दुलारी साहू पति सुनील कुमार साहू निवासी ग्राम देवरी तहसील भाटापारा 2 लाख की मुआवजा राशि प्रदान की गई। सोलेशियम फंड योजना के तहत सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिजन और घायलों को मदद मुहैया कराने का प्रावधान है।

## प्राथमिक स्कूल का परीक्षा परिणाम जारी



**पलारी।** शासकीय प्राथ विद्यालय खैरा रोहांसी का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। प्रत्येक कक्षा के तीन-तीन मेधावियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। प्रधानपाठक पुरुषोत्तम, शिक्षक दिलीप साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री केशराम ध्रुव ने शुभकानाए देते हुए बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने के साथ–साथ अच्छे संस्कार ग्रहण करने चाहिए, जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके और वह अपने माता–पिता तथा विद्यालय का नाम रोशन कर सके। आप देश की बहुमूल्य धरोहर है आपको ही पढ़ लिखकर देश का सर्वांगीण विकास करना है और देश को मजबूती से आगे बढ़ाने में अपना योगदान देना है। इस अवसर पर सत्या ध्रुव,हेमलता,पुन्नी बाई,रुखमनी ध्रुव,पम्पा बाई, लापा, नंदनी, सावित्री ध्रुव, कमलेश, ओमप्रकाश, दिलीप, जामबाई एवं छात्र छात्रएं उपस्थित रहें।

# विधिक साक्षरता शिविर में दी कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अर्जुनी

ग्राम पंचायत अर्जुनी में 1 मई को मजदूर दिवस पर विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन महतारी सदन में किया गया। विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव न्यायाधीश अमिता जायसवाल ने संबोधित किया, जिसमें श्रमिकों के अधिकार, महिलाओं के विशेष अधिकार, मानव तस्करी, बाल विवाह देह व्यापार, छेड़छाड़ का मामला, दहेज प्रताड़ना, बिना लाइसेंस गाड़ी चलाना, गाड़ियों का बीमा सार्वजनिक स्थानों में शराब पीना, घरेलू हिंसा, बच्चों को राज्य से बाहर काम में नहीं भेजना, बैंक में लेनदेन करते समय पावती लेना एवं कानूनी अधिकारों कानूनी प्रक्रियाओं और कानूनी सहायता के बारे में बताया गया एवं शिविर में विधिक सेवाओं के प्रति लोगों को




जागरूक किया तथा अन्य न्यायिक जानकारियां प्रदान की गई। इस शिविर में न्यायाधीश अमिता जायसवाल पीएलबी अशोक श्रीवास्तव थाना भाटापारा ग्रामीण पी एल बी दुर्गेश वर्मा लाखन बंजारे सरपंच कविता ध्रुव उपसरपंच विष्णु साहू सचिव राजेश साहू भगेला ध्रुव, सुखराम ध्रुव, प्रेमचंद वर्मा, विनोद सोनी, विजय वर्मा, चित्रलेखा यदु, मालती साहू, राजेश्वरी ध्रुव, श्याम बाई रजक, कन्हैया कटारे, संगीता ध्रुव, भुवनेश्वरी नायक, सचिन सोनी, प्रमिला वर्मा, पार्वती ध्रुव, संजय रजक, राजेश ध्रुव सहित अधिक संख्या में महिलाएं व ग्रामीण उपस्थित थे

## ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम जयंती पर निकाली बाइक रैली

# समाज कल्याण की भावना से मार्गदर्शन देता है ब्राम्हण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

ब्राह्मणों के आराध्य देव भगवान परशुराम के जन्म उत्सव के उपलक्ष में युवा विप्र समाज भाटापारा द्वारा मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। यात्रा में क्षेत्र के निवासरत विप्र परिवारों एवं अन्य समाज के द्वारा जगह–जगह पुष्प वर्षा एवं जलपान की व्यवस्था की गई। भगवा झंडे के साथ भजन, कीर्तन, गायन, वादन करते हुए बाजे गाजे सहित यात्रा नाका नंबर 1 से, फव्वारा चौक, राम सप्ताह चौक, बस स्टैंड चौक, टॉकीज लाइन, होते हुए कुंदन भवन पहुंची, जहां आराध्य देव की पूजा अर्चना आरती



कर प्रसाद का वितरण किया गया। युवाओं को संबोधित करते हुए युवा अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय ने कहा कि ब्राह्मण हमेशा से परोपकारी रहा है। समाज कल्याण की भावना से निरंतर लोगों का मार्गदर्शन करता रहा है। इसलिए ब्राह्मण को हमेशा त्याग,बुद्धि विवेक को ध्यान में रखकर आचरण करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिनेश उपाध्याय, राजकुमार शर्मा,छगन शर्मा, रमेश तिवाड़ी,घनश्याम शर्मा, हर गोपाल शर्मा, संतोष पुरोहित, देवेंद्र भृगु, जय शर्मा, सुनील दुबे, महेश उपाध्याय, विजय पांडेय,लछु शर्मा,निक्की शर्मा, उत्कर्ष शर्मा, सौरभ शर्मा, राजा तिवारी, मोहन तिवारी, रौशन मिश्रा, रूपेश तिवारी, गोपाल शर्मा, निर्मल शर्मा, शैलेश दवे, विनय उपाध्याय, चंदा चौबे, साकेत उपाध्याय, बिहारी जोशी, रजत शर्मा, प्रसून शर्मा, आनंद शर्मा, प्रमोद तिवारी, राहुल जोशी, अभिषेक मिश्रा, अमितेश शुक्ला, आशीष टोडर, आकाश उपाध्याय, आदित्य शर्मा, मयंक शर्मा, सृजन शर्मा, प्रेम ओझा, श्लोक शर्मा, अरिहंत सेवाका सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति भी उपस्थित रही।

